हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 11 जुलाई 2025

तापमान

अधिकतम 27 .5 डिग्री
न्यूनतम 19 .0 डिग्री

11 जल निकासी के लिए एक्शन मोड में रहें इंजीनियरिंग विभागः डीसी



12 पहाड़ों के पानी से खेतों में सैकड़ों एकड़ फसल हुई बर्बाद ...



## खबर संक्षेप



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी मोनू।

### अवैध हथियार के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** सीआईए कोसली पुलिस ने अवैध हथियार रखने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गांव गुर्जर माजरी निवासी मोनू के रूप में हुई है। गत 9 जुलाई को पुलिस को सूचना मिली कि मोनू निवासी गांव गुर्जर माजरी के पास अवैध हथियार है तथा गढ़ी बोलनी रोड पर रेलवे फ्लाईओवर के पास खड़ा हुआ है। पुलिस ने मौके से आरोपी को काबू कर लिया। आरोपी की तलाशी लेने पर कब्जे से 1 देशी कट्टा बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### गोबर डालने के लिए निकली महिला लापता

**बावल।** साबन गांव में जोहड़ किनारे कुरड़ी में गोबर डालने के लिए घर से जाने के बाद लापता हो गई। काफी तलाश करने के बाद भी महिला का पता नहीं चला। जोहड़ में गिरने की आशंका से गोताखोर ने तलाश शुरू की, परंतु पानी अधिक होने के कारण गोताखोर को भी तलाश करने में सफलता नहीं मिली।

### विधायक आज करेंगे जन शिकायतों की सुनवाई

**कोसली।** कोसली के विधायक अनिल यादव शुक्रवार को सुबह श्याम नगर गांव स्थित बंगला में जन शिकायतों की सुनवाई करेंगे। विधायक के प्रवक्ता ने बताया कि इसके बाद सहादत नगर गांव के बाबा दुल्ला मंदिर में भी जन शिकायतों की सुनवाई होगी तथा उसके उपरांत कोसली रेलवे स्टेशन क्षेत्र में स्थित फ्लाईओवर के कार्य का निरीक्षण करेंगे। विधायक गांव लुखी के आर्य समाज मंदिर तथा गांव गूजरवास व कोसली कार्यालय में भी जन शिकायतों की सुनवाई करेंगें।

### सिटी किड्ज वर्ल्ड स्कूल में मनाया गुरु पूर्णिमा का पर्व

**महेंद्रगढ़।** सिटी किड्ज वर्ल्ड स्कूल में गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित कर मनाया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने अपने शिक्षक वर्ग का वंदन कर भारतीय संस्कृति की परंपरानुरुप आयोजन कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने कविताओं, विचारों और भाषण के माध्यम से गुरु महत्व पर प्रकाश डाला। मैनेजिंग डायरेक्टर नितिन यादव ने कहा कि भारत के उत्थान में गुरुओं के अमूल्य योगदान की सराहना की।

## नागरिक अस्पताल से लेकर बस स्टैंड तक में हालात बदतर

# 100 एमएम की बारिश नहीं झेल सका शहर, पानी निकासी के दावों की हवा निकल गई, गड्ढे में फंसी स्कूल बस

- ज्यादा बारिश होने के बाद बिगड़ सकती है शहर की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

मानसून की पहली भारी बारिश ने पानी निकासी के प्रबंध पुख्ता होने के दावों को आइना दिखा दिया। औसत 100 एमएम बरसात ने शहर को पानी-पानी कर दिया। नागरिक अस्पताल व सामान्य बस स्टैंड झील में तब्दील हो गए। निचले इलाकों में बरसात का पानी घरों और दुकानों में घुस गया। गढ़ी बोलनी रोड पर एक स्कूल सड़क पर बने गड्ढे में एकत्रित पानी में धंस गई, जिससे बच्चों की जान जोखिम में पड़ गई।

बाद में बच्चों को बस से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। शहर की सफाई व्यवस्था तार-तार नजर आई। अगर इस समय फिर से भारी बारिश होती है, तो इससे शहर में बाढ़ जैसे हालात बन सकते हैं। नगर परिषद से लेकर पब्लिक हेल्थ तक के कर्मचारी पानी निकासी को सुचारू करने में लगे हुए थे।


बुधवार देर रात से ही बारिश शुरू हो गई थी। मानसून की दस्तक के बाद वीरवार को पहली बार भारी बारिश हुई। बारिश के साथ ही शहर में जलभराव होना शुरू हो गया। नागरिक अस्पताल में रैंप से पानी अंदर प्रवेश कर गया, जिससे पार्किंग में खड़े वाहन भी पानी में गिरने शुरू हो गए। देखते ही देखते अस्पताल परिसर में पानी ही पानी नजर आने लगा। जलभराव के कारण अस्पताल आने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। अस्पताल की ओपीडी लगभग एक घंटे बाद शुरू हो सकी। अस्पताल तक पहुंचने के लिए लोगों ने ई-रिक्शा व रिक्शा का सहारा लेना पड़ा। ऐसे ही हालात सामान्य बस स्टैंड के बन गए। बस स्टैंड पर बरसाती पानी बूथों से अंदर तक घुस गया। बसें पानी में खड़ी रहीं। यात्रियों को बसों तक पहुंचने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। शहर के मॉडल टाउन एरिया, नई आबादीव अन्य इलाकों में भी भारी मात्रा में जलभराव हो गया, जिससे पहली भारी बारिश आफत बन गई। निचले इलाकों में पानी घरों और मकानों में घुस गया। लोग पानी निकालते समय जनप्रतिनिधियों से लेकर अधिकारियों तक को कोंसते नजर आए।







रेवाड़ी। गांव हरजीपुर में बरसात से टूटी सड़क, गढ़ी बोलनी रोड पर फंसी स्कूल बस में से बच्चे उतारते कर्मचारी, बरसात का पानी निकलने के बाद अस्पताल में पड़े व्हीकल। फोटो :हरिभूमि







रेवाड़ी। डबल फाटक अंडरपास में भरा पानी व निकलता रेहड़ी चालक, मॉडल टाउन में जमा बरसात का पानी, नागरिक अस्पताल के वेटिंग हाल व गायनी वार्ड में भरा पानी। फोटो :हरिभूमि

### रेवाड़ी को लंदन बनाने की जरूरत नहीं

घरों और दुकानों से पानी निकालते समय लोगों ने जनप्रतिनिधियों पर जमकर भड़ास निकाली। लोगों का कहना था कि सफाई व्यवस्था के पर नालों से निकाला गया कचरा वहीं छोड़ दिया गया। बारिश के बाद यह कचरा फिर से नालों में चला गया, जिससे नाले अवरुद्ध होकर पानी सड़कों पर फैल गया। इन लोगों का कहना था कि प्रशासन की ओर से बरसाती पानी के पुख्ता प्रबंध नहीं किए गए, जिस कारण बारिश शहर के लोगों के लिए आफत बन गई। शहर को लंदन बनाने की बजाय सुंदर रेवाड़ी शहर ही बना दिया जाए, तो इससे लोगों को राहत मिल सकती है।

### स्कूल बस फंसने से खतरे में पड़े मासूम

गढ़ी बोलनी रोड पर एक सोसायटी के पास स्कूली बच्चों को ले जा रही एक बस सड़क पर बने गड्ढे में एकत्रित पानी में धंस गई। इससे मासूत बच्चों की जान सांसत में पड़ी रही। चालक को पानी भरा होने के कारण गड्ढा दिखाई नहीं दिया, जिससे बस उसमें फंस गई। आसपास के लोगों ने बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला। शहर के अन्य मार्गों पर भी वाहन पानी में फंसकर बंद हो गए, जिससे लोगों को धक्के मारकर वाहन निकालने पड़े। इससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

### बरसात से धंसी हरजीपुर की सड़क

बुधवार रात आई तेज बरसात से राजस्थान को जोड़ने वाली गांव हरजीपुर की सड़क टूटकर धंस गई। सड़क बरीब करीब 10 फीट तक टूट गई, जिससे आवागमन बाधित हो गया। आसपास के गांवों के लोगों को आवागमन बंद होने से काफी परेशानी उठानी पड़ी। वीरवार को बच्चों को भी स्कूल जाने के लिए परेशानी उठानी पड़ी। बरसात से आसपास के खेतों में पानी भर गया और टूटी सड़क से पानी का बहाव जारी रहा।



रेवाड़ी। कोसली स्टेशन क्षेत्र में आर ओबीसी के सर्विस रोड़ पर हुआ जलभराव।

### कोसली क्षेत्र में जलभराव बना आफत पैदल निकलना भी हुआ मुश्किल

**कोसली।** कोसली में बुधवार रात व वीरवार को हुई बारिश से निचले इलाकों व गलियों में पानी जमा हो गया, जिससे घरों तक पहुंचने के रास्ते भी अवरूद्ध हो गए। कोसली स्टेशन क्षेत्र में बने रेल ओवर ब्रिज के दोनों ओर के सर्विस रोड पर बारिश का पानी जमा हो गया। सर्विस रोड पर पानी भरने से वाहन चालकों के साथ साथ पैदल चलना भी कठिन हो गया। इसके अतिरिक्त पानी निकासी के नालों के जाम होने से बारिश का पानी रिहायशी गलियों व विभिन्न रास्तों पर जमा हो गया। भाकली-2 ग्राम पंचायत के अंतर्गत कोसली स्टेशन क्षेत्र में दूषित जल निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है। क्षेत्र के लोग एक अरसे से यहां की रिहायशी कॉलोनियों व बाजार में दूषित जल निकासी की व्यवस्था की मांग कर रहे हैं। बारिश के मौसम के अतिरिक्त भी यहां गंदे पानी की निकासी की समस्या निरंतर बनी रहती है तथा वर्ष भर सड़कों व गलियों में पानी जमा रहता है। क्षेत्र के लोगों की सरकार व प्रशासन समस्या का स्थाई समाधान करने की मांग की है। समाधान करे जिससे लोगों को परेशानी से निजात मिल सके।

# अवैध शराब तस्करी के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी महेश। फोटो :हरिभूमि

- पुलिस इस मामले में 6 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी

सीआईए रेवाड़ी ने अवैध शराब तस्करी के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान जिला चरखी दादरी के गांव भांडवा निवासी महेश के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में 6 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। गत वर्ष 27 सितंबर को सीआईए ने थाना खोल में दर्ज आबकारी अधिनियम के एक पुराने मामले में वांछित आरोपी जिला हिसार के गांव सिघंना राघो निवासी अनिल को काबू किया था। पुलिस की ओर से पूछताछ में आरोपी अनिल ने बताया के वह अपने साथी मनोज निवासी गांव भांड़वा जिला चरखी दादरी के साथ चिड़ावा से कैंटर गाड़ी में 230 पेटी शराब लेकर चला था तथा शराब महेश निवासी गांव भांड्वा जिला चरखी दादरी व मुकेश निवासी गांव जुई जिला भिवानी ने भरवाई थी।

महेश व मुकेश ने रोहित सुअर फार्म गांव गादला में फार्म के मालिक रोहित की उपस्थिति में शराब उतरवाई थी तथा उसका साथी मनोज अभी भी फार्म पर ही है। सूचना पर सीआईए ने मौके से दो आरोपी जिला चरखी दादरी के गांव भांडवा निवासी मनोज व जिला महेंद्रगढ़ के गांव थनवास निवासी राजा को मौके पर ही काबू करके फार्म के कमरे से 73 पेटी अग्रेजी शराब बरामद की थी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करके मामले में संलिप्त 6 आरोपी मनोज, राजा, अनिल, मुकेश, रोहित उर्फ मोटा व परमजीत को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था।

सीआईए ने बुधवार को मामले में संलिप्त एक और आरोपी जिला चरखी दादरी के गांव भांडवा निवासी महेश को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को पूछताछ के लिए तीन दिन के रिमांड पर लिया है।

# घायल को अस्पताल पहुंचाने वाले को 25 हजार का इनाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

- गंभीर दुर्घटनाओं में मेजर सर्जरी, कम से कम तीन दिन तक हॉस्पिटलाइजेशन, ब्रेन इंजरी, स्पाइनल कॉर्ड इंजरी आदि शामिल हैं

केंद्र सरकार के सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की ओर से शुरू की गई राहवीर योजना को हरियाणा में लागू किया गया है। इस योजना के तहत किसी गंभीर दुर्घटना में घायल व्यक्ति को गोल्डन ऑवर में अस्पताल अथवा ट्रामा सेंटर में पहुंचाकर जान बचाने वाले मददगार व्यक्ति को 25 हजार रुपये का इनाम दिया जाएगा। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि योजना का मुख्य उद्देश्य दुर्घटना के दौरान घायल हुए व्यक्ति को उसी समय अस्पताल पहुंचा कर उसकी जान बचाने का भरसक प्रयास करना और समय पर मदद के लिए आमजन को प्रोत्साहित करना है। डीसी ने बताया कि गंभीर दुर्घटनाओं में मेजर सर्जरी, कम से कम तीन दिन तक हॉस्पिटलाइजेशन, ब्रेन इंजरी, स्पाइनल कॉर्ड इंजरी आदि शामिल हैं। मोटर वाहन अधिनियम 2019 की धारा 134ए और भारत सरकार की 29 सितंबर 2020 की अधिसूचना के तहत राहवीर को कानूनी संरक्षण दिया जाएगा। डीसी ने बताया कि हर गंभीर सडक दुर्घटना मे मदद करने वाले राहवीर को 25 हजार रुपये इनाम और प्रशस्ति-पत्र दिया जाएगा। यदि एक राहवीर मोटर वाहन से हुई दुर्घटना में एक या एक से अधिक पीड़ित की जान बचाता है तो पुरस्कार की राशि इतनी ही अर्थात 25 हजार रुपये होगी। एक से अधिक राहवीर मोटर वाहन से जुड़ी किसी गंभीर दुर्घटना के एक पीड़ित की जान बचाते हैं, तो पुरस्कार की राशि अर्थात 25 हजार रुपये की राशि उनके बीच समान रूप से विभाजित की जाएगी। अधिक घायलों की जान बचाई जाती है तथा राहवीर एक से अधिक है तो प्रत्येक पीड़ित के अनुसार 25 हजार रुपये का पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र दिए जाएंगे। योजना की समय सीमा 31 मार्च 2026 तक रहेगी।

## 30 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई, युवक पर नाबालिग का अपहरण करने का संदेश जताया था

# नाबालिग का अपहरण व दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की कैद

- बावल थाना पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज करके मामले की जांच शुरू की थी
- जुर्माना नहीं भरने पर दोषी को 20 महीने की अतिरिक्त सजा भी भुगतनी होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

### पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अदालत में साक्ष्य प्रस्तुत किए और गवाहों के बयान भी दर्ज करवाए

बावल थाना पुलिस की ओर से की गई उत्कृष्ट पैरवी पर एक नाबालिग का अपहरण और दुष्कर्म करने के मामले में लोकेश गुप्ता अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट ने मामले में संलिप्त आरोपी मनोज निवासी ईदगाह कॉलोनी पानीपत को दोषी करार देते हुए 20 साल कैद व 30 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। बावल थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने 28 अक्टूबर 2022 को पुलिस को अपनी नाबालिग बेटी के लापता होने की शिकायत दी थी। शिकायत में व्यक्ति ने बताया था कि 27 अक्टूबर 2022 की शाम को उसकी नाबालिग बेटी शौच के लिए घर से बाहर गई थी। व्यक्ति ने अपनी शिकायत में गांव में साइकिल का खेल दिखाने के लिए आए एक



रेवाड़ी। सचिवालय के पास स्थित जिला न्यायिक परिसर। फोटो :हरिभूमि

युवक पर नाबालिग का अपहरण करने का संदेश जताया था। बावल थाना पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज करके मामले की जांच शुरू की थी और 8 नवंबर 2022 को नाबालिग लड़की को पानीपत से बरामद कर लिया था। पुलिस ने अदालत में नाबालिग के बयान दर्ज कराए, जिसमें नाबालिग ने पानीपत की ईदगाह कॉलोनी निवासी मनोज पर बहला फुसलाकर अपने साथ ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। बयान दर्ज करने के बाद पुलिस ने मामले में पोक्सो एक्ट की धारा ईजाद करके 9 नवंबर 2022 को आरोपी मनोज को भी गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने जांच के बाद अदालत में चार्जशीट दायर की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अदालत में साक्ष्य प्रस्तुत किए और गवाहों के बयान भी दर्ज कराए।

साक्ष्यों और सभी पहलुओं पर सुनवाई के बाद फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट के एएसजे लोकेश गुप्ता ने आरोपी युवक को नाबालिग का अपहरण और दुष्कर्म करने का दोषी करार दिया। अदालत ने दोषी को 20 साल कैद और 30 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है। जुर्माना नहीं भरने पर दोषी को 20 महीने की अतिरिक्त सजा भी भुगतनी होगी। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने सभी थाना प्रबंधकों, चौकी इंचार्ज व अनुसंधानकर्ताओं को विशेष निर्देश दिए हुए हैं कि महिला विरुद्ध अपराध व पॉक्सो एक्ट के तहत शिकायत का बिना किसी विलंब के अभियोग अंकित करें, साथ ही महत्वपूर्ण व तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर प्रभावी पुलिस कार्यवाही करते हुए न्यायालय में आरोपियों को दंड व पीड़ति को न्याय दिलाने का कार्य करें।



### काली माता मंदिर में गुरू पूर्णिमा पर हवन आयोजित

**रेवाड़ी।** वीरवार को नई सब्जी मंडी स्थित निर्माणधीन काली माता मंदिर संत धाम में गुरू पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया गया। प्रमुख सेवक नरेंद्र बंटी के नेतृत्व में मंदिर से जुड़े हुए सेवकों ने संत समाधि वाले बाबा की पूजा की। पंडित मुकेश शास्त्री ने हवन यज्ञ कराया। सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन किया व भंडारे प्रसाद ग्रहण किया। गद्दीनशीन महंत बाबा अभय सिंह ने सभी सेवकों को गुरू पूर्णिमा की बधाई दी। उन्होंने कहा कि गुरू ही हमें अज्ञानता रूपी अंधकार से बचाते है और ज्ञान के प्रकाश की ओर अग्रसर करते है। इस मौके पर मंदिर के सभी सेवक व भक्त गण उपस्थित थे।

# बनो अवेयर रहो सेफ



बच्चों से जुड़े अपराध आए दिन सुनने में आते हैं। इसलिए पापा-मम्मी और घर के सभी बड़े सदस्यों को हमेशा तुम्हारी सेफ्टी की चिंता रहती है। सेफ्टी के लिए तुम्हें बहुत-सी बातें भी बताते हैं। इस मामले में तुम्हें स्वयं भी थोड़ा अवेयर-अलर्ट रहना चाहिए। तुम थोड़ी समझदारी और साहस से काम लेकर हमेशा सेफ रह सकते हो।



सजेशन
डॉ. मोनिका शर्मा

बच्चो, तुम्हारे मम्मी-पापा और घर के अन्य सभी बड़े मेंबर्स को तुम्हारी सेफ्टी की चिंता रहती है। तुम्हारी सेफ्टी के लिए ये सभी अपनी ओर से हर बात का ध्यान तो रखते ही हैं, तुम्हें बहुत-सी बातें समझाते भी रहते हैं। लेकिन अपनी सेफ्टी के लिए तुम्हारा खुद भी अवेयर रहना जरूरी है। स्कूल कैंपस, नेबरहुड (आस-पड़ोस) और अपने घर में भी, हर जगह तुम्हें कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है।

### समझो सेफ्टी का मतलब

सेफ्टी का मतलब सिर्फ गिरने-पड़ने या चोट लगने से बचना भर नहीं होता। हमारे आस-पास बहुत-सी चीजें और परिस्थितियां असुरक्षित माहौल बना देती हैं। ऐसे में सावधान और सतर्क रहना बहुत जरूरी है। अनजान लोगों के लिए घर का दरवाजा खोल देना, बिना बताए घर से कहीं जाना, इस तरह की आदतें तुम्हारी सेफ्टी के लिए खतरा हो सकती हैं। अनसेफ चीजों, जैसे- रसोई गैस, इलेक्ट्रिक स्विच, नुकीली चीजों आदि को छेड़ना हार्मफुल हो सकता है। लिफ्ट में आते-जाते या बस में ट्रैवल करते समय दिए गए इंस्ट्रक्शंस को ना मानना तुम्हारे लिए एक बड़ा खतरा बन सकते हैं। सेफ रहने का मतलब है, किसी भी खतरे में ना पड़ना, हमेशा सावधान-सतर्क रहना।


### करो अपने को प्रोटेक्ट

बच्चो, इस बात को समझो कि तुम्हारी सेफ्टी के लिए सिर्फ बड़ों का तुम पर ध्यान देना ही काफी नहीं। किसी भी मुसीबत या मुश्किल से अपने आपको प्रोटेक्ट करने के लिए, सेफ रहने के लिए तुम्हारा खुद अलर्ट रहना भी जरूरी है। अपनी सेफ्टी-सिक्योरिटी के लिए तुमको भी कॉन्शस रहना चाहिए।

### प्राइवेसी का रखो ध्यान

बच्चो, इन दिनों तुम अकसर 'प्राइवेसी' और 'साइबर सिक्योरिटी' जैसे शब्द सुनते होगे। तुमने मम्मी-पापा या किसी बड़े को डिवाइस या एप्लिकेशन पर डेटा की सेफ्टी के लिए प्राइवेसी सेटिंग करते देखा होगा। असल में यह प्राइवेसी या सिक्योरिटी केवल स्मार्ट गैजेट्स के लिए नहीं होती। नॉर्मल लाइफ में भी हमारा प्राइवेसी को लेकर अलर्ट रहना जरूरी है। अगर कभी पापा-मम्मी और घर के बाकी लोग कहीं बाहर गए हों और तुम घर में अकेले हो तो ऐसे में घर में अकेले रहने की बात तुम दूसरों को कभी नहीं बताओ। पैरेंट्स के फोन में आए कोड या ओटीपी को उनसे पूछे बिना किसी से शेयर नहीं करो। अपने परिवार की हॉलिडे प्लानिंग के बारे में दूसरों को नहीं बताओ। ऐसी कई बातें तुम्हारी सेफ्टी से गहराई से जुड़ी होती हैं। कुछ बुरे लोग तुम्हारी या तुम्हारी फैमिली की इंफॉर्मेशन लेकर अपने गलत इरादों को पूरा करने की कोशिश कर सकते हैं। इसीलिए इन मामलों में तुम्हें सावधानी बरतनी चाहिए। घर की बातें, पर्सनल इंफॉर्मेशंस बाहर न बताने की समझ तुम्हें और तुम्हारी फैमिली को सिक्योर रखेगी।





### जानो गुड टच-बैड टच के बारे में

घर में अकेले रहो या किसी रिलेटिव के यहां जाओ। कोई एक्टिविटी क्लास हो या स्कूल बस में आते-जाते। प्ले एरिया हो या किसी फ्रेंड की बर्थ-डे पार्टी। कहीं भी, किसी का भी टच करना अगर तुम्हें अनकंफर्टेबल करता है, तो घर में अपने मम्मी-पापा को जरूर बताओ। ऐसे लोगों से दूर ही रहो, जिनके साथ तुम अनकंफर्टेबल या इनसिक्योर फील करते हो। अजनबी लोग ही नहीं, कई बार रोज मिलने वाले, अकसर तुम्हारे घर आने-जाने वाले लोग भी तुम्हें मिसगाइड कर सकते हैं। तुम्हें उनकी बातों में बिल्कुल नहीं आना है।

### याद रखो, लालच बुरी बला है

बच्चो, हमेशा याद रखो कि लोग लालच देकर भी तुम्हें कहीं बुलाने का प्रयास कर सकते हैं। खाने-पीने या किसी खिलौने के लालच में आकर कभी किसी के साथ नहीं जाना है। हर चॉकलेट देने वाले अंकल-आंटी अच्छे नहीं होते हैं। कोई यूं लालच देकर कहीं बुलाने की कोशिश करे तो मम्मी-पापा को जरूर बताओ। कभी कोई तुम्हें डराने की कोशिश भी कर सकता है। ऐसे में डरने के बजाय तुम अपने घर में बात करो। अगर तुमसे कोई गलती भी हुई है तो अपने बड़ों से सब बातें बताओ।

ऊपर बताई गई सभी बातें तुम्हारी सेफ्टी के लिए बहुत जरूरी हैं। इसलिए पूरी अवेयरनेस के साथ उन बातों को समझो और इन्हें अमल भी लाओ। कभी किसी विपत्ति से घिरो तो डरो नहीं, इसका मुकाबला समझदारी और साहस से करो। *

छोटी कहानी / उषा शर्मा

शेर, गप्पू गधे को खाने के चक्कर में था, लेकिन गप्पू ने बड़ी समझदारी से काम लिया, जिससे शेर बुरी तरह मात खाया।

## समझदार गधा!

गप्पू गधा मैदान में हरी-हरी घास खाकर मस्त घूम रहा था। तभी सामने से एक शेर आता नजर आया, जो उसी की ओर चला आ रहा था। गप्पू को कुछ सूझ नहीं रहा था, वह क्या करे? पहले तो वह घबरा गया फिर उसे एक युक्ति सूझी। वह एक पैर से लंगड़ा-लंगड़ा कर चलने लगा।

शेर ने पास आकर गप्पू से पूछा, 'क्यों भाई, क्या हुआ, ठीक से क्यों नहीं चल पा रहे हो?'

'क्या बताऊं भाई, मेरे पैर में बहुत बड़ा कांटा फंस गया है, जो निकल ही नहीं रहा है, इसके कारण चलने में भी परेशानी हो रही है। दर्द भी काफी हो रहा है।' 'कोई बात नहीं, मैं अभी तुम्हें खा जाता हूं, तुम्हारी सारी परेशानी का अंत हो जाएगा।' शेर बोला।

'हां आप खा तो सकते हैं लेकिन मुझे अपनी नहीं, आपकी चिंता है महाराज।' गधे ने शांत स्वर में कहा। 'वह क्यों?' शेर ने पूछा। 'अरे, मेरे दाहिने पैर में बहुत बड़ा मोटा और लंबा कांटा चुभ गया है, जो पैर में फंसा हुआ है। मुझे डर है कि कहीं यह कांटा आपको नुकसान न पहुंचाए, यह कांटा आपके गले में फंस जाए और आपको तकलीफ होगी तो।' गप्पू मुंह बनाकर बोला।

'यह भी सही है, ऐसा करते हैं कि पहले मैं तुम्हारे पैर से कांटा निकाल देता हूं फिर तुम्हें खा लूंगा, जिससे तुम्हारा दर्द भी खत्म हो जाएगा और मुझे नुकसान भी नहीं होगा। ठीक है, अभी तुम जिस पैर में कांटा लगा है, वह पैर थोड़ा ऊपर करके खड़े हो जाओ।' कहते हुए शेर, गप्पू गधे के पीछे खड़ा हो गया।



जैसे ही गप्पू ने खड़े होकर अपना दायां पैर उठाया और शेर उसके पैर में फंसे कांटे को निकालने की कोशिश में लगा कि गप्पू ने शेर के मुंह पर जोर से अपनी लात मारी। शेर बुरी तरह तिलमिला गया। उसके मुंह और नाक से खून बहने लगा। शेर दर्द से बिलबिला उठा। उधर गप्पू गधा अपनी जान बचाकर वहां से भाग निकला। शेर देखता ही रह गया। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## गुदगुदाती बाल कहानियां

बच्चो, अभी कुछ ही समय पहले हंसाती-गुदगुदाती अठारह बाल कहानियों की किताब 'लिलिपुट कहानियां' छपकर आई है। इन कहानियों को पढ़ने में तुमको खूब मजा आएगा, क्योंकि इनको खिलंदड़े अंदाज में लिखा गया है। लेकिन हंसाते-गुदगुदाते ही ये कहानियां सरलता से हमें अच्छा इंसान बनने की सीख भी देती हैं। फिर वो चाहे नन्ही जूही की कहानी 'सीख मिल गई' हो, जिसमें वह एक गुब्बारे पर स्केच से आंखें बनाकर उसे खुशी देती है। या फिर 'भविष्य का भूत' कहानी हो, जिसमें एक भूत आकर मनु को दुनिया के सामने आने वाले संकटों के बारे में आगाह करता है। 'दहीवाला, पुलिसवाला' और 'लाल सिंह की बस' पढ़कर तुमको खूब हंसी आएगी। 'दहीवाला, पुलिसवाला' कहानी में एक अनोखे दही-फल बेचने वाले का किस्सा है, जो बच्चों के साथ खूब मस्ती-मजाक भरी बातें करता है, जिसे सुनकर बच्चे हंसी से लोटपोट हो जाते हैं। 'स्कूल भाग गया', 'कहानी का पेड़', 'नीली कार चली अकेले-अकेले' और 'चूहा चला स्कूल' फैंटेसी से भरी कहानियां हैं। इसी तरह एक भेड़िए की अकल ठिकाने कैसे आती है, यह तुम 'एक भेड़िए की दुःख भरी कहानी' में पढ़ सकते हो, तो 'जिराफ चला अपनी तलाश में' में तुम एक ऐसे जिराफ की कहानी पढ़ोगे, जिसे खुद नहीं मालूम कि वो क्या चाहता है? एक शेर के बच्चे और नन्हे लड़के शेरू की मासूम सी कहानी है 'दोस्ती-दुश्मनी'। इस किताब की बाकी कहानियां भी बहुत प्यारी हैं। इन सारी कहानियों को तुम अपने दोस्तों के संग भी पढ़कर इनका मजा ले सकते हो। *




**किताब :** लिलिपुट कहानियां, **लेखक :** समीर गांगुली,
**मूल्य :** 280 रुपए, **प्रकाशक :** अद्विक पब्लिकेशन, दिल्ली



कहानी
पूर्ति खरे

किसी परेशानी या मुसीबत में फंसने पर हम अकसर घबरा जाते हैं। चारू की स्कूल बस छूट गई तो वह घबरा गई। लेकिन साथ खड़े उसके दोस्त ध्रुव ने उसे समझाया, इस तरह परेशानी में कभी घबराना नहीं चाहिए, समझदारी और धैर्य से काम लेना चाहिए। चारू को ध्रुव की बात कितनी समझ में आई, क्या वह अपनी परेशानी से उबर पाई?

## परेशानी में मत घबराना

चारू का आज स्कूल में डांस प्रोग्राम था। पहले से ही वह अपने डांस परफॉर्मेंस को लेकर घबराई हुई थी, उस पर उसकी स्कूल बस भी छूट गई। बस छूटने पर वह सड़क पर खड़ी होकर सुबक-सुबक कर रोने लगी। चारू के साथ खड़ा उसका दोस्त ध्रुव बोला, 'अरे! रो क्यों रही हो? स्कूल बस ही तो छूटी है, कौन-सी आफत आ गई। घर चलो, हम अपने पापा के साथ स्कूल चलते हैं।'

'नहीं ध्रुव! अब तो देर हो जाएगी। मेरे डांस का क्या होगा? घर वापस गए तो मम्मी-पापा भी डांटेंगे।' यह कहती हुए चारू सुबक-सुबक कर रोने लगी।

'तो फिर क्या करें, मैं भी तुम्हारी तरह खड़े होकर रोऊं क्या?' ध्रुव अबकी कुछ गुस्से से बोला तो चारू बोली, 'क्यों न हम बस के पीछे तेज दौड़ लगाकर उसे पकड़ लें। बस अभी आगे कई जगह बच्चों को लेने के लिए रुकेगी।'

'तेरा दिमाग खराब है क्या! सड़क पर इस तरह से दौड़ना खतरे भरा काम है। मेरी बात मान, अब देर मत कर और घर चल।' ध्रुव ने चारू का हाथ पकड़ा और उसे घर ले आया। चारू के पापा ने बस छूटने की बात सुनकर तुरंत अपनी कार निकाली। दोनों बच्चो को कार में बैठा कर स्कूल के लिए चल दिए।

चारू अब भी रोए जा रही थी। पापा ने प्यार से समझाया, 'बेटा, हम आराम से टाइम पर स्कूल पहुंच जाएंगे। तुम चिंता मत करो, रोना बंद करो!'

ध्रुव भी तुरंत बोला, 'अंकल, यही बात तो मैं भी कब से इसे समझा रहा हूं। इसकी तो छोटी-छोटी परेशानियों में ऐसे ही रोने की आदत है। मेरे पापा कहते हैं कि मुश्किल समय में घबराकर नहीं, समझदारी और धैर्य से काम लेना चाहिए।'




'ध्रुव तुम्हारे पापा बिल्कुल सही कहते हैं। घबराहट में हम अकसर गलत और उल्टे-पुल्टे फैसले ले लेते हैं।' चारू के पापा ने ध्रुव की बात का समर्थन किया।

ध्रुव ने अपना एक मुश्किल समय का किस्सा सुनाया, 'पता है चारू! एक बार मैं अपने मम्मी-पापा के साथ मेले में गया था, वहां पर काफी भीड़ थी। गलती से मेरा हाथ मां के हाथों से छूट गया और मैं पीछे रह गया।'

चारू की धड़कनें यह सुनकर बढ़ गईं, वह बोली, 'फिर तुम खो गए?'

ध्रुव ने बताया, 'नहीं चारू, खो जाता तो तुम्हारे साथ स्कूल कैसे जाता। मैं बिना घबराए एक पुलिस अंकल के पास गया, उन्हें मैंने अपने पापा का मोबाइल नंबर बताया। पुलिस अंकल ने नंबर डायल किया, लेकिन पापा का नंबर नेटवर्क प्रॉब्लम के कारण नहीं मिला।'

'फिर...?' चारू को आगे की बात जानने की जिज्ञासा हुई।

'फिर क्या, जहां खोए-बिछड़े लोगों की अनाउंसमेंट हो रही थी, पुलिस अंकल मुझे लेकर वहां पहुंचे और माइक पर अनाउंस करके पापा को उसी जगह पर बुला लिया। पापा मिल गए, बस!' ध्रुव ने हंसते हुए बताया।

चारू के पापा ध्रुव को शाबाशी देते हुए बोले, 'वाह! क्या बात है ध्रुव! अगर परेशानी, मुसीबत में धैर्य और समझदारी से काम लिया जाए तो आसानी से हर मुसीबत से बाहर निकल सकते हैं।'

पापा, ध्रुव की बातें सुनकर चारू सोच रही थी कि स्कूल बस छूटना तो एक छोटी-सी बात है, इतनी-सी बात से वह क्यों घबरा गई, जबकि उसका दोस्त ध्रुव बड़ी मुसीबत में भी नहीं डरा। यह सोचते हुए उसने फैसला लिया कि आगे से वह किसी भी परेशानी से इस तरह घबराएगी नहीं, आराम से उससे निकलने की कोशिश करेगी और हमेशा समझदारी से काम लेगी। क्योंकि किसी भी बुरी स्थिति में घबराकर नहीं, हिम्मत, सूझ-बूझ और धैर्य से ही काम लेना चाहिए। इससे मुसीबत में उबरने का रास्ता मिलता है।'

स्कूल आ गया था। चारू के भीतर की घबराहट अब गायब हो चुकी थी। उसके चेहरे पर मुस्कान थी। *

कविता
हरीश कुमार 'अमित'



## मौसम बारिश का

फिर मौसम बारिश का आया,
रिमझिम देखकर मन हर्षाया।
बारिश की बूंदों ने भर दी,
कैसे सुख से सबकी काया।
टप-टप गिरती बारिश ने कैसा,
मधुर-मधुर संगीत सुनाया।
सड़क पे बहते पानी में मैंने,
कागज की नावों को तैराया।
पापा बोले- तल दो भजिया,
दादा जी ने हलवा बनवाया।
यहां-वहां-जहां भी देखो,
छाता ही छाता लहराया।
मेंढक जी सोते से जागे,
टर्र-टर्र अपना राग सुनाया।
गरमी जी हो गईं छूमंतर,
बारिश जी का जमाना आया।
ओढ़ा दी बारिश ने धरती पर,
हरी-हरी मनमोहक छाया।

## जीके क्विज-161

1. भारतीय नौसेना की पहली महिला फाइटर पायलट कौन बनी हैं?
2. 29वीं एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप में अंडर-15 गर्ल्स सिंगल्स में स्वर्ण पदक किसने जीता?
3. भारत की खुफिया एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) के नए प्रमुख कौन नियुक्त हुए हैं?
4. प्लासी का युद्ध किस ईस्वी में लड़ा गया था?
5. अर्जेंटीना की राजधानी कहां है?
6. डूरंड कप का संबंध किस खेल से है?
7. रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) मापने वाली डिवाइस का नाम क्या है?
8. जापान की मुद्रा का क्या नाम है?
9. विद्युत बल्ब का आविष्कार किसने किया था?
10. दुनिया में कितने महाद्वीप हैं?



बच्चो, जीके क्विज-161 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-160 का उत्तर :** 1.शुभांशु शुक्ला, 2.भारत और श्रीलंका, 3.भारत, 4.ज्योतिबा फुले, 5.केरल, 6.चंद्रमा, 7.अरुणाचल प्रदेश, 8.शहनाई, 9.मेजर ध्यानचंद, 10.विटामिन सी

**जीके क्विज-160 का सही उत्तर देने वाले :** सौरभ- बिलासपुर, अश्विनी-राजनांदगांव, रेशमा-राजनांदगांव, रवि-बलौदा बाजार, पल्लवी-महासमुंद, चंचल-ईमेल से, कबीर-हिसार, दुर्गा-सीतापुर, सौम्या-रायपुर, ललित- भोपाल

## रंग भरो 180

बच्चो, यहां ड्रॉइंग बनाती हुई लड़की का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।



## रंग भरो-179

**रंग भरो-179** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




अंकित, धमतरी


वसनि, रायपुर



भव्या, बिलासपुर


तन्मय, दुर्ग


डॉली, दुर्ग

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सुयश-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, रोहन-भोपाल, हर्ष-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, विनोद-बिलासपुर, ज्योति-कोरबा


तेजस, रायपुर

## खबर संक्षेप

### बस चलाने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**महेंद्रगढ़।** गांव मुंडायन व सुरजनवास के ग्रामीणों ने बस मुंडायन से महेंद्रगढ़ तक बस चलाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। रामनिवास पाटोदा ने बताया कि कोरोना से पहले महेंद्रगढ़ से वाया डुलाना, मेघनवास चौक, सुरजनवास, मुंडायन, बेवल, खैराना, खैरानी, राता कलां और राता खुर्द, नांगल जमालपुर, भैरू का बास कुंड तक सुबह, दोपहर और शाम विद्यार्थियों वन के लिए नारनौल डिपो की ओर से बस सेवा चलाई जा रही थी, लेकिन बाद में बस का संचालन बंद कर दिया गया।

### मांग को लेकर एडीसी के नाम सौंपा ज्ञापन

**महेंद्रगढ़।** शहर की समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर सामाजिक संगठन की ओर से एडीसी के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से सामाजिक कार्यकर्ता रामनिवास पाटोदा ने बताया कि आमजन के सहयोग से शहर में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। कैमरे लगने के बाद पुलिस को अपराधियों तक पहुंचने में काफी सहायता मिलती है, लेकिन करीब दो वर्ष से सभी सीसीटीवी खराब पड़े है। ऐसे में शहर में वारदात बढ़ रही है।

### गाव बाछौद में दक्ष प्रजापति जयंती मनाई

**मंडी अटेली।** गांव बाछौद में गुरु पूर्णिमा के दिन दक्ष प्रजापति जयंती राष्ट्रीय प्रजापति महासभा के राष्ट्रीय सचिव व जिला प्रधान विजय सिंह ने अपने परिवार के साथ मनाई। उन्होंने बताया कि कहा कि गुरु दक्ष प्रजापति किसी जाति विशेष के न होकर समस्त समाज के गुरु थे। पुराणों के अनुसार दक्ष प्रजापति परमपिता ब्रह्मा के पुत्र थे। दक्ष राजाओं के देवता थे। हम सबको गुरु दक्ष प्रजापति के बताए मार्ग पर चलना चाहिए। यह पावन दिन गुरु पूर्णिमा न केवल ज्ञान, श्रद्धा और समर्पण का प्रतीक है, बल्कि आज ही के दिन प्रजापति समाज के आदि गुरु, तपस्वी एवं यज्ञों के प्रवर्तक है। गुरु केवल वह नहीं जो हमें शिक्षा देता है। बल्कि वह है जो हमारे जीवन को दिशा देता है। गुरु दक्ष प्रजापति ने वेदों, धर्म और यज्ञ परंपरा को नई पहचान दी तथा मानवता को धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

### शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में जल निकासी के उचित प्रबंध करने के निर्देश दिए

# जल निकासी के लिए एक्शन मोड में रहे इंजीनियरिंग विभागः डीसी मीणा





रेवाड़ी। शिविर में लोगों की शिकायतें सुनते हुए डीएसपी विद्यानंद व समाधान शिविर में लोगों की शिकयतें सुनते डीसी। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डीसी अभिषेक मीणा ने बारिश के मौसम को देखते हुए जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर परिषद, सिंचाई विभाग, बिजली वितरण निगम व मार्केटिंग बोर्ड विभागों के अधिकारियों को शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में जल निकासी के उचित प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि बार-बार हो रही बरसात से आम जनजीवन पर जगह-जगह पानी भर जाने की वजह से प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, इस समस्या से लोगों को निजात मिलनी चाहिए। डीसी मीणा वीरवार को लघु सचिवालय सभागार में आयोजित समाधान शिविर के दौरान शहरवासियों की शिकायतों की सुनवाई कर रहे थे। हंस नगर के लोगों ने बताया कि उनके घरों में पानी घुस गया है। सीवरेज लाइनें नाकारा साबित हो रही हैं। डीसी ने नगर परिषद व जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को तत्काल मौके पर जाने के निर्देश दिए। जैन स्कूल के पास नसियाजी रोड पर और चीताडूंगरा गांव में भी जल निकासी के निर्देश दिए गए। मामडिया आसमपुर गांव की बीपीएल कॉलोनी में बिजली आपूर्ति नहीं पहुंचने की शिकायत पर बिजली वितरण निगम तथा पंचायत विभाग के अधिकारियों को व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। डीसी मीणा ने कहा कि जुलाई माह में इंजीनियरिंग विभाग एक्शन मोड में रहें। पानी निाकसी के लिए अधिकारी तुरंत कार्रवाई शुरू करें। इस अवसर पर एसडीएम सुरेंद्र सिंह, नगराधीश प्रीति रावत, डीएसपी जोगेंद्र शर्मा, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सारवान, नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी सुशील भुक्कल व एसडीओ इंद्रजीत सहित सभी विभागों के अधिकारीगण मौजूद थे।

#### कोसली में सुनी लोगों की समस्याएं

कोसली लघु सचिवालय परिसर में डीएसपी विद्यानंद की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। गांव कोसली निवासी दुलीचंद ने बताया कि कोसली के राजकीय विद्यालय में सीवरेज लाइन टूटने की वजह से स्कूल के मैदान में दूषित पानी भर गया है, जिससे बच्चों में बीमारियां फैलने का खतरा बना हुआ है। इसलिए इस पानी की निकासी कराई जाए तथा सीवरेज लाइन को नए सिरे से बनाया जाए। इसी तरह मठ मंदिर के सामने सीवर ओवरफ्लो की समस्या बनी हुई है। डीएसपी विद्यानंद ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारी को दोनों समस्याओं का निवारण किए जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर बीडीपीओ अनिल यादव, उप अधीक्षक राजेश कुमार, बिजली विभाग के जेई मंदीप, जनस्वास्थ्य विभाग से जेई स्वतंत्र कुमार, फूड सप्लाई से इंस्पेक्टर विनोद कुमार, दलसिंह आर्य व कृषि अधिकारी संजीत मौजूद थे।



रेवाड़ी। बेसहारा गोवंश की समस्या को लेकर बैठक करते डीसी अभिषेक मीणा।

## बेसहारा गोवंशों को भेजने के लिए गोशालाओं की क्षमता का आकलन करें विभागः डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शहर की सड़कों पर हर तरफ गोवंश का जमावड़ा लगा हुआ है और गोशालाओं में इन गोवंश को रखने की जगह नहीं है। सड़कों पर घूमते गोवंश लोगों के लिए खतरा बने हुए है। ये गोवंश पिछले दिनों आक्रमण रूप में आकर कई लोगों को घायल कर चुके है। डीसी अभिषेक मीणा ने वीरवार को गोवंशों के गोशालाओं में समायोजन तथा सामाजिक व प्रशासनिक स्तर पर इन पशुओं का प्रबंधन करने के लिए बैठक में निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बेसहारा गोवंश का उचित प्रबंध करने के लिए जिले की गोशालाओं में पशुओं की क्षमता का आकलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर परिषद और पशुपालन विभाग के अधिकारी सभी गोंशालाओं का अवलोकन करें और उनमें मौजूदा पशुओं की संख्या तथा नए सैड व चारे का प्रबंध करें। डीसी ने कहा कि नगर परिषद के पास नंदीशाला के लिए जमीन नहीं है तो साथ लगते गांवों में जमीन की तलाश की जाए ताकि बेसहारा पशुओं को रखा जा सके। इस अवसर पर नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी सुशील भुक्कल ने बताया कि शहर में करीब 1500 बेसहारा पशु है। बावल नगर पालिका सचिव प्रशांत परासर ने बताया कि बावल और धारूहेड़ा में करीब 200 बेसहारा पशु है। पशुपालन विभाग के उप निदेशक डा. नसीब सिंह यादव ने बताया कि जाटूसाना गोशाला को जल्द ही 35 लाख की ग्रांट मिल जाएगी। उन्होंने बगथला, जाटूसाना, मामडिया हसन व धारूहेडा में स्थापित गोशालाओं में बेसहारा पशुओं की समायोजन संख्या के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर सेनेटरी इंस्पेक्टर सुधीर कुमार, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेन्द्र सारवान, कार्यकारी अभियंता पंचायती राज नरेन्द्र गुलिया, गोशाला प्रबंधक हंसराज, सत्य मुनि, महावीर सिंह, विजयपाल, जयसिंह व कैप्टन ओम प्रकाश मौजूद थे।

## परशुराम शिक्षा समिति ने मनाया गुरू पूर्णिमा पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी




रेवाड़ी। हवन करते हुए परशुराम शिक्षा समिति के सदस्य।

- बरसात के मौसम में संस्था में फलदार, छायादार और योजनाबद तरीके से कोनो कॉरपस हेज लगाई जाएगी

भगवान परशुराम शिक्षा समिति परिसर बूढ़पुर में गुरू पूर्णिमा के उपलक्ष्य में हवन व मासिक बैठक का आयोजन प्रधान सत्य प्रकाश गौतम के अध्यक्षता में किया गया। पंडित विशाल शास्त्री आचार्य ने यजमान राजेश शर्मा व पुनीत वशिष्ठ के साथ हवन सम्पन्न कराया। समिति के प्रधान सत्य प्रकाश गौतम ने बताया कि समिति की पावन भूमि पर महान संत युगपुरुष स्वामी परमानंद गिरि महाराज का पदार्पण हुआ था। सभी ने उन्हें नमन कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही ब्राह्मण समाज के साथ सर्व समाज और राजनीतिक आर्थिक सहयोग लेकर भवन निर्माण की आधारशिला की तैयारी की जाएगी। संस्था के महासचिव अजय शर्मा एडवोकेट ने कहा बरसात के मौसम में संस्था में फलदार, छायादार और योजनाबद तरीके से कोनो कॉरपस हेज लगाई जाएगी। संस्था के कोषाध्यक्ष जगदीश राय वशिष्ठ ने खरपतवार को हटाने के लिए कार्यकारिणी सदस्यों से अपील की। इस मौके पर संस्था के उपाध्यक्ष दिलीप पटवारी, पूर्व कोषाध्यक्ष शिवकुमार हरित, कार्यकारिणी सदस्य लक्ष्मी नारायण शर्मा, नगर पार्षद गिरीश भारद्वाज, कार्यकारिणी सदस्य वासुदेव वशिष्ठ, नवबहार गौतम, शौकीन शर्मा एडवोकेट, तेजभान कुकरेजा, सांवलराम यादव, अजीत शर्मा व अर्पित उपस्थित थे।

## गुरू पूर्णिमा पर डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

- विद्यार्थियों ने श्लोक सुनाकर अपने गुरूजओं का सम्मान किया

वीरवार को गुरू पूर्णिमा के पावन अवसर पर डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त किया। विद्यार्थियों ने श्लोक सुनाकर अपने गुरूजओं का सम्मान किया। स्कूल के प्रिंसिपल जॉय बैनर्जी ने कहा कि गुरू पूर्णिमा का पर्व हमें गुरूजनों के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करने का अवसर प्रदान करता है। हम अपने गुरुओं के ऋणी हैं ,जन्होंने हमें ज्ञान और संस्कार प्रदान किए हैं। प्रिंसिपल ने विद्यार्थियों को गुरू पूर्णिमा के महत्व से अवगत कराया और उन्हें अपने शिक्षकों का सम्मान करने के लिए प्रेरित किया।




रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक व बच्चे। फोटो :हरिभूमि

## रेवाड़ी में भूकंप के जबरदस्त झटके घबराकर घरों से बाहर आए लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिले में वीरवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। सुबह करीब 9:05 बजे भूकंप से धरती में कंपन शुरू हो गया। करीब 10 सैकेड तक भूकंप के झटके जारी रहे। भूकंप का केंद्र हरियाणा का रेवाड़ी-झज्जर रहा। रेवाड़ी में बारिश के बीच जैसे ही जमीन में कंपन हुआ तो लोग दहशत के चलते घबराकर आने घरों से बाहर निकल आए। अचानक बेड से लेकर खिड़की दरवाजे हिलने लगे। इस दौरान स्कूल लग चुके थे, ऐसे में जैसे ही भूकंप आया बच्चे भी अपनी डेस्क के नीचे छुप गए तथा कुछ बच्चे कक्षाओं को छोड़कर बाहर निकल गए। भूकंप का एपिक सेंटर रेवाड़ी के गांव गुरावड़ा के पास होने के कारण शहर में भूकंप का असर कुछ ज्यादा ही दिखाई दिया। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार भूकंप की तीव्रता 4.4 रिक्टर स्केल रही। भूकंप के झटके रेवाड़ी के अलावा दिल्ली-गुरुग्राम एनसीआर में भी महसूस किए गए हैं।

पिछले 6 महीने में दिल्ली एनसीआर में तीसरी बार भूकंप आया है। इससे पहले 19 अप्रैल और 17 फरवरी को भी भूकंप आया था। प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने और भूकंपरोधी सुरक्षा उपायों का पालन करने की अपील की।

## पुलिस और आमजन के तालमेल से ही नशे पर पाया जा सकता नियंत्रणः रामपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। गांव में सम्पर्क करते हुए पुलिस की नशा मुक्त टीम।

पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा के मार्गदर्शन में जिले को नशामुक्त बनाने को लेकर जिला पुलिस की नशा मुक्त टीम के ग्रामीण दौरे लगातार जारी हैं। वीरवार को निरीक्षक रामपाल के नेतृत्व में जिला पुलिस की नशा मुक्त टीम ने गांव केशोपुर, आसरा का माजरा, धारण व शाहंजरपुर में डोर टू डोर सम्पर्क करके व ग्रामीणों के साथ बैठक कर गांवों को नशा मुक्त करने तथा ग्रामीणों को नशे से दूर रखने को लेकर विचार-विमर्श किया। निरीक्षक रामपाल ने कहा कि पुलिस और आमजन अगर आपस में तालमेल के साथ कार्य करें तो नशे जैसी बुराई पर नियंत्रण पाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है और इस बुराई के विरुद्ध सामाजिक आंदोलन चलाने की आवश्यकता है। इसलिए समाज का प्रत्येक नागरिक नशा मुक्त समाज बनाने में अग्रणी भूमिका अदा करें। उन्होंने कहा कि अगर किसी प्रकार की नशे संबंधी सूचना है कोई व्यक्ति नशे का प्रयोग करता है या नशे की सप्लाई इत्यादि करता है तो इस बारे पुलिस को मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 या 112 नंबर पर सूचित करें। उन्होंने गांव के नौजवानों और बच्चों से अपील करते हुए कहा कि वे नशे से दूर रहकर पढ़ाई और खेलों में अपने परिवार, प्रदेश और देश का नाम रोशन करें। गांव में किसी भी परिवार में कोई भी व्यक्ति नशे का सेवन करता है तो उसे नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करें, जिला पुलिस इसमें पूरा सहयोग करेगी।

## आरती पर टिप्पणी औछी व महिला विरोधी मानसिकता का परिचायकःडा. वंदना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



- आरती राव ने विश्व स्तर पर इलाके का नाम खेलो में रोशन किया

रामगढ़ भगवानपुर में कैबिनेट मंत्री आरती राव पर टिप्पणी को डा. वंदना पोपली ने औछी व महिला विरोधी मानसिकता का परिचायक बताया है। उन्होंने कहा कि आरती राव ने विश्व स्तर पर इलाके का नाम खेलो में रोशन किया है। उन्होंने इलाके में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करने के लिए अस्पताल के लिए जमीन की तलाश खुद शुरू की। इसके बदले उन्हें अपमानित किया जाना बेहद दुखद और निंदनीय है। ऐसा करने वाले लोगों को तुरंत सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। डा. पोपली ने कहा कि कार्यकर्ताओं की कार्यशैली और पार्टी के प्रति समर्पण को देखते हुए मेहनती और निष्ठावान कार्यकर्ताओं को जगह दी गई है। इसमें महिलाओं से लेकर सभी वर्ग तक का पूरा ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है, जो आम कार्यकर्ता को भी पूरा सम्मान और पार्टी में आगे बढ़ने का मौका देती है।

यह योजना गरीब अथवा अमीर सभी के लिए लागू

## फतेहपुरी पीएचसी में बजुर्गो के आयुष्मान कार्ड बनाए



- आयुष्मान कार्ड योजना के अंतर्गत 5 लाख रुपये तक की मेडिकल सहायता मिलती है

रेवाड़ी। शिविर में महिला कोआयुष्मान कार्ड वितरित करते मुख्य अतिथि। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

गांव फतेहपुरी स्थित पीएचसी में वीरवार को आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शिविर का आयोजन किया गया। पीएचसी से डा. अभिषेक की टीम ने कैंप में 70 साल से ऊपर के पुरुषों और महिलाओं के आयुष्मान कार्ड बनाए। इस अवसर पर जिला कष्ट निवारण समिति के सदस्य सरदार सिंह बहाला ने कहा कि आयुष्मान कार्ड योजना के अंतर्गत 5 लाख रुपये तक की मेडिकल सहायता मिलती है। इसमें कोई शर्त नहीं है। यह योजना गरीब अथवा अमीर सभी के लिए लागू है। उन्होंने उपस्थित पात्र लोगों से अपने आयुष्मान कार्ड बनवाने तथा इसको लेकर अन्य लोगों को भी जागरूक करने का आह्वान किया। इस अवसर पर गांव के सरपंच अनूप सिंह व सुरेन्द्र सिंह सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

## श्रीमद् भागवत कथा में माखन चोर श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का किया वर्णन





रेवाड़ी। कथा का वाचन करते महेश पतसारिया व कथा में भजनों पर झूमती महिलाएं। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

भगवान परशुराम मार्केट के सामने स्थित ब्रह्मगढ परिसर में चल रही श्रीमदभागवत की कथा के 5वें दिन भगवान कृष्ण के बाल रूप में माखन चोर लीला के प्रंसग का प्रसंग में मनोहारी झांकी के रूप में वर्णन किया गया। वीरवार को अनीता गोयल व चंद्रशेखर गोयल ने भगवान का पूजन किया। ब्राह्मण सभा के प्रधान पंडित चंद्रशेखर गौतम, महासचिव जयकुमार कौशिक,मैनेजर हेमंत भारद्वाज, कार्यकारिणी सदस्य भूपेंद्र भारद्वाज, कार्यालय मंत्री दिनेश वशिष्ठ सहित प्रेस सचिव रमेश वशिष्ठ ने कथा व्यास भागवत मंडल वृंदावन धाम के महेश पतसारिया का पुष्प माला पहनाकर सम्मान किया। कथा व्यास महेश पतसारिया ने कहा कि भगवान श्री गिर्राज जी के दर्शन कर पूजा करने से सभी कार्य सफल होते है, मानव जीवन उन्नति करता है और सभी विपत्तियों से मुक्ति मिलती है। श्रद्धालुओं ने मनोहारी झांकी के साथ नांचते हुए कथा का आनंद लिया। कथा आरती के बाद गुरू पूर्णिमा के पावन अवसर पर भंडारे का आयोजन हुआ। सैकड़ों की संख्या में श्रृद्धालु मौजूद थे।

## बीमारी से चल रहा था परेशान सुसाइड नोट लिखकर जान दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जोनावास में बीमारी से परेशान चल रहे लगभग 38 साल के युवक ने वीरवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसने मरने से पहले सुसाइड नोट लिखा, जिसमें बीमारी से तंग आकर जान देने की बात कही गई है। पुलिस ने सुसाइड नोट को कब्जे में ले लिया। शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। गांव का युवक नवीन कुमार पिछले कई दिनों से बीमार चल रहा था। बीमारी के कारण वह मानसिक तनाव का शिकार बना हुआ था। वीरवार को उसने फांसी लगाकर जान दे दी। धारूहेड़ा थाना पुलिस ने मौके पर जाकर शव को कब्जे में ले लिया। सीन ऑफ क्राइम टीम को मौके पर बुलाया गया। मृतक के कमरे से एक सुसाइड नोट पुलिस को मिला, जिसमें उसने अपनी मर्जी से जान देने की बात कही है। पुलिस ने सुसाइड नोट को जांच के लिए एफएसएल भेजने की निर्णय लिया है।

सरपंच ग्राम पंचायत, सुधराना
खण्ड नाहड़ जिला रेवाड़ी
नीलामी सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि रेवाड़ी जिले के खण्ड नाहड़ की ग्राम पंचायत सुधराना में स्क्रैप सामान जैसे प्लास्टिक फव्वारा सैट पाइप, ईंजन, मोटर, साईकिल-रिक्शा, अलमारी शटर, प्लास्टिक कुर्सी इत्यादि की नीलामी दिनांक 14.07.25 को प्रातः 10:00 बजे गाँव के वृद्ध आश्रम के प्रांगण में की जाएगी। बोलीदाता को बतौर सिक्योरिटी दो हजार रूपए जमा कराने होगें। बाकी शर्तें मौके पर सुनाई जाएगी।
खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी नाहड़।
हस्ता/- सरपंच, संजु यादव
ग्राम पंचायत सुधराना खण्ड नाहड़ (रेवाड़ी)
मोबाइल : 9416857141, 9671338818

## खबर संक्षेप



### नियति पाठशाला के नए प्रोजेक्ट की शुरूआत

रेवाड़ी। वीरवार को नियति पाठशाला के नए प्रोजेक्ट की शुरूआत बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित करके की गई। कर्मसेतु फाउंडेशन के निदेशक सुरेंद्र सिंह ने बताया कि पाठशाला का एक और नया प्रोजेक्ट 30 बच्चों के साथ जीआर मेमोरियल के पास शुरू किया गया। जहां पर अब जरूरतमंद बच्चों के लिए नियमित रूप से कक्षाएं लगाई जाएगी। नियति पाठशाला का उद्देश्य जरूरतमंद एवं वंचित बच्चों को शिक्षा से जोड़ना है। इस मौके पर प्रधान ओम प्रकाश, अन्नू, रीतू, सचिन, अमोल व नीरज मौजूद थे।



### नेताजी बोस पार्क में किया पौधरोपण

रेवाड़ी। शहर की अभिराज सांस्कृतिक संस्था की ओर से नेताजी सुभाष चन्द्र पार्क में वन महोत्सव मनाया गया। इस मौके पर संस्था के सदस्यों ने पार्क में कई पौधे लगाए व उनके संरक्षण का संकल्प लिया। इस मौके पर पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी धर्मबीर बल्डोदिया ने संस्था के बीते 2 वर्षों में किए गए कार्यों की समीक्षा कर सराहना की। निदेशक अभिषेक सैनी ने कहा संस्था की ओर से समय-समय पर अनेक सामाजिक कार्य किए जाएंगे। इस अवसर पर समाजसेवी ईश्वरी प्रसाद, राजेश भगत, शालू सैनी, दिव्या, प्रिया, खुशी, भरत कुमार, राहुल व कीर्ति मौजूद थे।

### गुरु पूर्णिमा पर सदगुरु देव महाराज का पूजन

रेवाड़ी। वीरवार को श्री राम सत्संग भवन सेवा मंडल छिपटवाड़ा मंदिर की ओर से शहर के सरकुलर रोड स्थित पंजाबी धर्मशाला में सत्संग का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने सदगुरु देव महाराज का पूजन किया। कार्यक्रम में हरियाणा, राजस्थान, यूपी व दिल्ली सहित अनेक जगहों से आए भक्तों ने गुरू शिवचंद इष्टधारी से आशीर्वाद लिया। इस मौके पर श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का भी आयोजन किया गया।

## पुलिस ने बंद कराया सड़क मार्ग, लिंक मार्गों से गुजर रहे वाहन

# पहाड़ों के पानी से खेतों में सैकड़ों एकड़ फसल हुई बर्बाद, डहीना-कुंड मार्ग पर बाढ़ जैसे हालात

■ ज्यादा बारिश होने पर बिगड़ सकते हैं हालात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी/डहीना

बुधवार रात से हो रही बारिश धवाना व आसपास के गांवों किसानों पर कहर साबित हो गई। पहाड़ों का पानी कई घरों में घुसने के बाद धवाना व मंदोला के खेतों से निमोठ की सीमा में प्रवेश कर गया। तीनों गांवों की सैकड़ों एकड़ फसल बर्बाद होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

डहीना-कुंड मार्ग से पानी गुजरने के कारण सड़क का एक हिस्सा टूटकर पानी में बह गया, जिससे इस मुख्य मार्ग पर वाहनों का आवागमन पुलिस ने बेरिकेड्स लगाकर बंद करा दिया। इस मार्ग के बंद होने से वाहन चालकों को लिंक रोड वैकल्पिक मार्ग के रूप में अपनाने पड़े। मौसम विभाग की ओर से भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। अगर भारी बारिश होती है, तो इससे हालात बिगड़ सकते हैं।

दो दिन से हो रही बारिश के कारण धवाना व खोल के पहाड़ों का पानी मंदोला व धवाना के खेतों से होते हुए कई घरों तक में घुस गया। धवाना नहर के पास पानी निकासी नहीं होने के कारण लोगों ने नहर तोड़ दी, जिससे यह पानी धवाना के रास्ते निमोठ के खेतों में पहुंच गया। डहीना और मंदोला के बीच पानी रोड क्रास कर गया, जिससे सड़क का काफी हिस्सा पानी में बहकर टूट गया। इस मार्ग पर वाहनों का आवागमन पूरी तरह बंद हो गया। सूचना मिलने के बाद डहीना पुलिस चौकी से कर्मचारी मौके पर पहुंच गए।

पुलिस ने बेरिकेड्स लगाकर इस रोड को वाहनों के लिए पूरी तरह बंद कर दिया। इससे इस मार्ग से गुजरने वाले सैकड़ों वाहन चालकों की परेशानी बढ़ गई। पहाड़ों के पानी ने धवाना से मंदोला रोड भी क्षतिग्रस्त कर दी, जिससे यह मार्ग भी आवागमन के लिए बंद हो गया। वाहन चालकों को गंतव्य तक पहुंचने के लिए गांवों के लिंक रोड का इस्तेमाल किया, जिससे उन्हें लंबा चक्कर लगाना पड़ा। मौसम विभाग की ओर से भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। अगर ज्यादा बारिश होती है, तो इस इलाके में हालात बिगड़ सकते हैं।





रेवाड़ी। निमोठ के पास डहीना-कुड मार्ग पर बेरिकेड्स लगाते हुए पुलिसकर्मी तथा पहाड़ों से आए पानी में डूबी बाजरे की फसल। फोटो : हरिभूमि

### मरम्मत के बाद ही खुलेगा रास्ता

डहीना-कुंड मार्ग जिला मुख्यालय से कई गांवों को जोड़ता है। निमोठ के पास इस मार्ग के अवरुद्ध होने से कई गांवों के लोगों की परेशानी बढ़ गई है। जब तक सड़क की मरम्मत नहीं कराई जाती, तब तक वाहनों का आवागमन शुरू नहीं होगा। मरम्मत से पहले पानी रोकना जरूरी है। जिला प्रशासन की ओर से इस दिशा में वीरवार शाम तक कोई प्रयास शुरू नहीं किए गए थे। स्कूल बसों तक को दूसरे रास्तों से निकलना पड़ा, जिस कारण लिंक मार्गों पर भी जाम जैसे हालात बने रहे। ज्यादा बारिश होने पर हालात और बिगड़ने की पूरी आशंका है।

### सैकड़ों एकड़ फसल पर पानी

इस क्षेत्र में किसानों ने बाजरा व कपास के साथ-साथ गेंदे के फूलों की खेती भी की हुई है। फसलें पानी में डूबकर तबाह हो गई हैं। सबसे ज्यादा नुकसान गेंदा उत्पादक किसानों का हुआ है। गेंदा की फसल रोपाई करने तक किसानों को प्रति एकड़ लगभग 50 हजार रुपये खर्च करने पड़ते हैं। तीनों ही गांवों के किसानों की फसलों को काफी नुकसान हुआ है। कई खेतों में शाम तक पानी भरा हुआ था। किसानों ने प्रशासन से खराब फसलों की गिरदावरी कराकर मुआवजा देने की मांग उठाई है।







रेवाड़ी। धवाना के पास एक खेत में भरा बरसाती पानी, सड़क टूटने के बाद मंदेला-कुंड रोड पर खड़े वाहन तथा धवाना के इस पहाड़ से पानी बाढ़ की तरह आया।



रेवाड़ी। रामगढ भगवानपुर में धरने पर बैठक ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

## अस्पताल की मांग पर रणनीति

# संघर्ष कमेटी के पैदल मार्च की तैयारी तेज

■ 11 जुलाई को दोपहर 12 :30 बजे धरना स्थल पर प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाएगी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

रामगढ़-भगवानपुर अस्पताल बनाओ संघर्ष कमेटी का धरना वीरवार को 24वें दिन भी जारी रहा। धरने पर ग्रामीणों की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है। धरने पर रामगढ़ भगवानपुर के अलावा बुड़ाना, बुड़ानी, फिदेड़ी, तुर्कियावास, बालियरखुर्द, फदनी, मीरपुर, गोकुलपुर व कुंभावास सहित दर्जनभर गांवों से ग्रामीण शामिल हो रहे है।

संघर्ष कमेटी की ओर से सरपंच प्रतिनिधि अनिल कुमार ने सरकार व स्वास्थ्य मंत्री आरती राव से गांव में सरकारी अस्पताल बनवाने के लिए अप्रूवल देने की मांग की है। संघर्ष कमेटी ने 13 जुलाई को होने वाले पैदल मार्च की तैयारी भी तेज कर दी है और लोगों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में पैदल मार्च में शामिल होने की अपील की जा रही है। सरपंच प्रतिनिधि पे बताया कि पैदल मार्च को लेकर 11 जुलाई को दोपहर 12:30 बजे धरना स्थल पर प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाएगी। संघर्ष कमेटी के वक्ताओं ने कहा कि भगवानपुर में अस्पताल निर्माण ग्रामीणों का हक है। जब तक सरकार मांग को पूरा नहीं करती तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

### ये रहे उपस्थित

इस मौके पर उदयराज राव नंबरदार, लालसिंह, सामाजिक कार्यकर्ता रमेशचन्द्र एडवोकेट, रविन्द्र, रामकुमार, मोहर सिंह, महीपाल सिंह फदनी, सतीश सरपंच, कंवर सिंह फोरमैन, अनिल सरपंच गोकुलपुर, पवन शर्मा, इंद्रजीत, सत्यवीर सरपंच, अभय सिंह, इंद्रजीत नंबरदार, गणेश चंद, सुरेन्द्र सिंह इंस्पेक्टर, दयाराम, राजकुमार, राजबीर, वीरेंद्र सिंह, रोशनलाल, रामनारायण, राजबाला, राजेश्वरी, ग्यारसी, शकुंतला, बिमला, कमला, सुनीता, कृष्णा, आशा व रमेश सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## स्टेट चैंपियनशिप के लिए ताइक्वांडों टीम का ट्रायल 13 को

रेवाड़ी। जिला ताइक्वांडो टीम के लिए ओपन सिलेक्शन ट्रायल का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बच्चे अपने कौशल और प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं। यह ट्रायल सैकेंड हरियाणा स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप के लिए आयोजित किया जा रहा है। खिलाड़ियों को ट्रायल 13 जुलाई को सुबह 9 बजे से आरपीएस स्कूल दिल्ली रोड पर लिया जाएगा। ताइक्वांडों के जनरल सेक्रेटरी पवन चौधरी ने कहा कि बच्चों को एक अच्छा प्लेटफॉर्म देने के प्रयास किए जा रहे है। उन्होंने बताया कि सिलेक्शन ट्रायल की कोई भी एंट्री फीस नहीं है।

# भगवत भक्ति आश्रम में गुरु पूर्णिमा पर हवन, भजन कीर्तन एवं भंडारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

गुरु पूर्णिमा के पर्व पर वीरवार को रामुपरा स्थित भागवत भक्ति आश्रम में हवन-यज्ञ, भजन-कीर्तन एवं भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दूर-दराज क्षेत्रों से श्रृद्धालु शामिल हुए।

आश्रम में आयोजित कार्यक्रम का समापन 15 जुलाई को पंचमी के अवर पर किया जाएगा। कार्यक्रम में जनरल सेक्रेटरी राव राघवेन्द्र सिंह, डा. कपूर सिंह, प्रदीप भार्गव, कैप्टन भोलाराम, कर्नल रणवीर सिंह, मनीष सहगल, हरकेष यादव, प्रमिला भार्गव, धर्मपाल, स्व. शरद यादव के पुत्र राहुल, विश्वजीत, सुधीर कुमार, राजेन्द्र, नरपाल यादव, विक्रम, बनवारी लाल अग्रवाल व सुरेन्द्र यादव सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।



रेवाड़ी। भगवत भक्ति आश्रम में गुरु पूजा करते श्रृद्धालु। फोटो : हरिभूमि

# गुरु के बताए मार्ग पर चलने से जीवन की सभी कठिनाई दूर हो जाती हैं: भारद्वाज

■ शांति कुंज हरिद्वार के प्रतिनिधि राजकुमार भारद्वाज ने गायत्री मंत्र के साथ श्रद्धालओं से हवन-यज्ञ में आहुति डलवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धारूहेड़ा

गायत्री शक्तिपीठ धारूहेड़ा की ओर से गुरु पूर्णिमा पर्व बड़ी श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गायत्री परिवार की ओर से पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ व भंडारे का आयोजन किया गया। शांति कुंज हरिद्वार के प्रतिनिधि राजकुमार भारद्वाज ने गायत्री मंत्र के साथ श्रद्धालओं से हवन-यज्ञ में आहुति डलवाई। उन्होंने कहा कि ईश्वर से भी ऊपर भावना गुरू की बताई गई है। उन्होंने गुरू व शिष्य में अटूट प्रेम का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि गुरु अज्ञान रूपी अंधकार को दूर करने वाले हैं। उन्होंने युगऋषि पंडित राम शर्मा आचार्य की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरू ने अपने जीवन को जनता की भलाई के लिए समर्पित किया।



रेवाड़ी। हवन में आहुति डालते हुए गायत्री परिवार के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### ये मौजूद रहे

उन्होंने कहा कि गायत्री मंत्र का उच्चारण कोई भी व्यक्ति कर सकता है। राजकुमार भारद्वाज ने कहा कि गुरू के बताए मार्ग पर चलने से जीवन की सभी कठिनाई दूर हो जाती है। इस मौके पर रेवाड़ी, रालियावास, करनावास, सांपली, जडथल, भिवाड़ी राजस्थान व धारूहेड़ा के गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस अवसर पर त्रिभुवन शास्त्री, मोहन शास्त्री, रंगाराव, गोपी यादव, के आर कालड़ा,मास्टर मदनलाल, श्रीकान्त, देवंती देवी, काजल, मास्टर रामकुमार, नरेश वशिष्ठ, डा. जौधवाल, तारा देवी, सरोज वशिष्ठ, विजय लक्ष्मी, मीरा व लक्ष्मी सहित अनेक श्रृद्धालु मौजूद थे।

### नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण मार्ग परिवर्तित

रेवाड़ी। उत्तर रेलवे के दिल्ली मंडल पर दिल्ली सराय रोहिल्ला स्टेशन पर न्यू इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग पैनल के लिए नॉन इंटरलॉकिंग कार्य किया जा रहा है। कार्य के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित मार्ग परिवर्तित रेलसेवाओं में संशोधन किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 14321 बरेली-भुज रेलसेवा 27 जुलाई व 28 जुलाई को बरेली से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग दिल्ली-दिल्ली किशनगंज-दयाबस्ती-पटेल नगर होकर संचालित होगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260



रेवाड़ी। अतर सिंह को बधाई देते हुए कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

# धारूहेड़ा के भाजपा कार्यकर्ता अतर सिंह पार्षद मनोनीत हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धारूहेड़ा

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता अतर सिंह पांचाल को हरियाणा सरकार की ओर से मनोनीत पार्षद नियुक्त किया गया है। अतर सिंह छह बार धारूहेड़ा मंडल अध्यक्ष तथा निगरानी समिति के सदस्य सहित युवा मोर्चा में दायित्व निभा चुके है। इस नियुक्ति पर उन्होंने मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह व विधायक लक्ष्मण सिंह यादव का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि पार्टी की ओर से दिए गए दायित्व का वे निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। पार्षद राहुल जोशी, रामनिवास प्रजापति व सुरेश सैनी सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने अतर सिंह को बधाई दी है।

### छात्रों को स्कॉउट और गाइड की दी जानकारी



रेवाड़ी। यदुवंशी विद्यालय में वीरवार को विद्यार्थियों को स्कॉउट और गाइड के लिए प्रोत्साहित करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में नेतृत्व क्षमता, टीम वर्क और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देना था। इस मौके पर विद्यालय के प्रिंसिपल ने कहा कि स्कॉउट और गाइड बच्चों के लिए एक उत्कृष्ट अवसर है,जिससे वे अपने कौशल को विकसित कर सकते हैं। कार्यक्रम में बच्चों ने स्कॉउट और गाइड के बारे में जानकारी प्राप्त की और विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। यदुवंशी ग्रुप के चेयरमेन राव बहादुर सिंह ने बच्चों को प्रोत्साहित किया।

### आईजीयू के छात्रों का इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग के लिए चयन

रेवाड़ी। इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के होटल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट विभाग के बीएचएमसीटी पांचवें सेमेस्टर के विद्यार्थियों का इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग के लिए विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों में चयन हुआ है। विभाग की सूची के अनुसार 16 विद्यार्थियों को देश की प्रमुख हॉस्पिटैलिटी संस्थाओं में प्रशिक्षण का अवसर मिला है। इनमें से 7 छात्रों को लोहागढ़ रिजॉर्ट्स राजस्थान में प्लेसमेंट मिला है, जहां उन्हें प्रतिमाह 9000 की स्टाइपेंड के साथ निःशुल्क आवास एवं सभी समय के भोजन की सुविधा दी जाएगी, वहीं 6 छात्रों को मुरथल सोनीपत में चयनित किया गया है, जहां उन्हें 5000 प्रतिमाह की स्टाइपेंड के साथ आवास एवं भोजन निःशुल्क उपलब्ध होगा।

कार्यक्रम | रेलवे चौक के निकट स्थित विश्वकर्मा सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कार्यक्रम संपन्न

# गुरु पूर्णिमा पर बच्चों से आचरण, आज्ञा और आत्मबोध को जीवन में उतारने का आह्वान

■ गुरु केवल ज्ञान नहीं, जीवन की दृष्टि देने वाले पथप्रदर्शक होते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

अखिल भारतीय साहित्य परिषद् की ओर से गुरू पूर्णिमा पर महर्षि वेदव्यास को नमन किया गया। कार्यक्रम में जहां विद्यार्थियों ने गुरू के गुणों का गुणगान किया, वहीं वक्ताओं ने गुरू के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि आधुनिक तकनीक के दौर में भी गुरू का कोई विकल्प नहीं है। रेलवे चौक के निकट स्थित विश्वकर्मा सीनियर सैकेंडरी स्कूल में प्रधानाचार्या एवं परिषद् अध्यक्षा श्रुति शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि गुरु केवल ज्ञान नहीं, जीवन की दृष्टि देने वाले पथप्रदर्शक होते हैं। परिषद के प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष प्रो.रमेश चंद्र शर्मा ने बच्चों को दिए संदेश में आचरण, आज्ञा और आत्मबोध को जीवन में उतारने का आह्वान किया। परिषद् मार्गदर्शक आचार्य रामतीर्थ एवं संगठन मंत्री तेजभान कुकरेजा ने भारतीय गुरु-शिष्य परंपरा का महत्व समझाया।

दोहा वाचन, भाषण एवं कविता पाठ के माध्यम से मानवी, हरगुन, तन्वी मोरवाल, सिमरन, प्रियांशी, चंचल, पूनम, भूपेश, नम्रता व मानवी कृष्ण आदि विद्यार्थियों की प्रस्तुति सराहनीय रही। परिषद् मार्गदर्शक दर्शन शर्मा ने धन्य गुरू वेदव्यास, गौरव महान है। बनाय सरल भाष अठारह पुराण हैं से गुरू वंदन किया। चंद्रप्रकाश एवं मीनाक्षी का वकतव्य भी सराहनीय रहा। जैन पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में परिषद् महामंत्री एवं हिंदी विभागाध्यक्ष गोपाल शर्मा ने गुरू को संसार के गूढतम रहस्यों को उद्घाटित करने वाला बताया। कार्यक्रम की अध्यक्ष प्रधानाचार्या सोनल छाबड़ा ने विद्यार्थियों से अपने गुरूओं का सम्मान करने और उनकी शिक्षा को आत्मसात करने की अपील की।

इस अवसर पर छात्र सुमित ने गीत गाकर गुरू को नमन किया तो विधि ने अंग्रेजी व रिद्धि ने हिंदी में भाषण देकर गुरू का महत्व समझाया। आदि जैन और आक्रांत जैन ने संस्कृत श्लोक से गुरु की वंदना की। मंच संचालन छात्र ध्रुव ने किया।



रेवाड़ी। जेपीएस में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि